# संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के अध्यक्ष,
# उनके कार्य एवं भूमिकाओं की सूची

**यूपीएससी (UPSC) क्या है?**

संघ लोक सेवा आयोग (‘यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन’ अर्थात ‘यूपीएससी’) भारत के संविधान द्वारा स्थापित एक ऐसी संस्था है, जो भारत सरकार के लोक सेवा के अधिकारियों की नियुक्ति के लिए परीक्षाएँ संचालित करती है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 315-323 में एक ‘संघीय लोक सेवा आयोग’ और राज्यों के लिए ‘ राज्य लोक सेवा आयोग’ के गठन का प्रावधान है। प्रथम लोक सेवा आयोग की स्थापना 1 अक्टूबर, 1926 ई. को हुई थी। संघ लोक सेवा आयोग की मुख्य भूमिका केंद्र तथा राज्यों के लिए सामान्य विभिन्न केंद्रीय सिविल सेवाओं तथा पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति के लिए व्यक्तियों का चयन करना है।

**संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) अध्यक्ष 2018:**

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के वर्तमान अध्यक्ष अरविंद सक्सेना हैं। अरविंद सक्सेना 20 जून 2018 से यूपीएससी के कार्यकारी प्रमुख के तौर पर काम कर रहे हैं। कार्मिक मंत्रालय द्वारा 28 नवम्बर को जारी बयान में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा अरविंद सक्सेना को यूपीएससी के नए अध्यक्ष के रूप में मंजूरी दी गई है। उनका  कार्यकाल 07 अगस्त 2020 तक होगा, जब वह 65 साल के हो जाएंगे।

**वर्ष 1926 से अब तक के सभी संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) अध्यक्षों की सूची:**

| **नाम** | **कार्यकाल** |
|---|---|
| सर रोस बार्कर | 1926 से 1932 तक |
| सर डेविड पेट्री | अगस्त 1932 से 1936 तक |
| सर आयरे गोर्डन | 1937 से 1942 तक |
| सर एफ. डब्ल्यू. राबर्टसन | 1942 से 1947 तक |
| श्री एच. के. कृपलानी | 1 अप्रैल 1947 से 13 जनवरी 1949 तक |
| श्री आर. एन. बनर्जी | 14 जनवरी 1949 से 09 मई 1955 तक |
| श्री एन. गोविंदराजन | 10 मई 1955 से 09 दिसंबर 1955 तक |
| श्री वी. एस. हेजमाड़ी | 10 दिसंबर 1955 से 09 दिसंबर 1961 तक |
| श्री बी. एन. झा | 11 दिसंबर 1961 से 22 फरवरी 1967 तक |
| श्री के. आर. दामले | 18 अप्रैल 1967 से 02 मार्च 1971 तक |

| | |
|---|---|
| श्री आर. सी. एस. सरकार | 11 मई 1971 से 01 फरवरी 1973 तक |
| डॉ. ए. आर. किदवई | 05 फरवरी 1973 से 04 फरवरी 1979 तक |
| डॉ. एम. एल. शहारे | 16 फरवरी 1979 से 16 फरवरी 1985 तक |
| श्री एच. के. एल. कपूर | 18 फरवरी 1985 से 05 मार्च 1990 तक |
| श्री जे.पी. गुप्ता | 05 मार्च 1990 से 02 जून 1992 तक |
| श्रीमती आर.एम. बाथ्यू (खरबुली) | 23 सितंबर 1992 से 23 अगस्त 1996 तक |
| श्री एस.जे.एस. छतवाल | 23 अगस्त 1996 से 30 सितंबर 1996 तक |
| श्री जे.एम. कुरैशी | 30 सितंबर 1996 से 11 दिसंबर 1998 तक |
| ले. जनरल (सेवानिवृत्त) सुरिंदर नाथ | 11 दिसंबर 1998 से 25 जून 2002 तक |
| श्री पी.सी. होता | 25 जून 2002 से 08 सितंबर 2003 तक |
| श्री माता प्रसाद | 08 सितंबर 2003 से 04 जनवरी 2005 तक |
| डॉ. एस.आर. हाशिम | 04 जनवरी 2005 से 01 अप्रैल 2006 तक |
| श्री गुरबचन जगत | 01 अप्रैल 2006 से 30 जून 2007 तक |
| श्री सुबीर दत्ता | 30 जून 2007 से 16 अगस्त 2008 तक |
| प्रोफेसर डीपी अग्रवाल | 16 अगस्त 2008 से 16 अगस्त 2014 तक |
| रजनी राज़दान | 16 अगस्त 2014 से 22 नवंबर 2014 तक |
| दीपक गुप्ता | 22 नवंबर 2014 से 20 सितंबर 2016 तक |
| श्रीमती अल्का सिरोही | 21 सितंबर 2016 से 03 जनवरी 2017 तक |
| प्रो. डेविड आर. सिम्लिह | 04 जनवरी 2017 से 21 जनवरी 2018 तक |
| विनय मित्तल | 22 जनवरी 2018 से 19 जून 2018 तक |
| अरविंद सक्सेना | 20 जून 2018 से अब तक |

**संघ लोक सेवा आयोग का कार्यालय स्थल:**

कार्यालय स्थल भारत के संघ लोक सेवा आयोग का मुख्यालय कार्यालय स्थल धौलपुर हाउस नई दिल्ली है। कुंडलाकार की यह सुन्दर इमारत इंडिया गेट के बगल में शाहजहां रोड पर स्थित है। यह पहले धौलपुर राजघराने का निवास हुआ करता था और इसका निर्माण भी नई दिल्ली के निर्माण के दौरान 1920 के दशक में किया गया था।

**संघ लोक सेवा आयोग के कार्य एवं भूमिकाएं कौन-कौन सी है?**

संघ लोक सेवा आयोग ('यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन') को संविधान के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य एवं भूमिकाएँ सौंपी गई हैं:-

- संघ के अधीन सेवाओं और पदों पर प्रतियोगिता परीक्षाओं के आयोजन के माध्यम से भर्ती।
- केंद्र सरकार के अधीन सेवाओं तथा पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन द्वारा भर्ती।
- पदोन्नति पर नियुक्ति के साथ-साथ प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण के लिए अधिकारियों की उपयुक्तता पर परामर्श देना।
- विभिन्न सेवाओं तथा पदों पर भर्ती की पद्धति से सम्बध्द सभी मामलों पर सरकार को परामर्श देना।
- विभिन्न सिविल सेवाओं से सम्बद्ध अनुसानिक मामले।
- असाधारण पेंशन प्रदान करने, विधिक व्यय आदि की प्रतिपूर्ति से संबंधित विविध मामले आदि।

**संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों का चुनाव कैसे होता है?**

सदस्य आयोग के सदस्य भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त होते हैं। कम से कम आधे सदस्य किसी लोक सेवा के सदस्य होते हैं, जो न्यूनतम 10 वर्षों के अनुभव प्राप्त हों। इनका कार्यकाल 6 वर्षों या 65 वर्ष की उम्र तक का होता है। ये कभी भी अपना इस्तीफ़ा राष्ट्रपति को दे सकते हैं। इससे पहले राष्ट्रपति इन्हें पद की अवमानना या अवैध कार्यों में लिप्त होने के लिए बर्ख़ास्त कर सकता है।

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित प्रमुख परीक्षाएं कौन-कौन सी है?:

संघ लोक सेवा आयोग का मुख्य कार्य केन्द्र तथा राज्यों की लोकसेवा के लिए सदस्यों का चुनाव करना है। इसके लिए यह विभिन्न परीक्षाएं को संचालित करती है। इनमें से कुछ मुख्य परीक्षाएं निम्नलिखित है:-

- सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा (फरवरी में)
- राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और नौसेना अकादमी परीक्षा (अप्रैल और सितम्बर में)
- सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा (मई में)
- भारतीय वन सेवा परीक्षा (जुलाई में)
- इंजीनियरी सेवा परीक्षा (जुलाई में)
- स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेंटिसेज़ परीक्षा (अगस्त में)
- भारतीय अर्थ सेवा/भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा (सितम्बर में)
- सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा (अक्टूबर/नवम्बर में)

- सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (मई और अक्टूबर में)
- भू-विज्ञानी परीक्षा (दिसम्बर में)
- अनुभाग अधिकारी/आशुलिपिक (ग्रेड ख/ग्रेड 1) सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा (दिसम्बर में)